विरोध | बटकाखापा में फॉरेस्ट विभाग की फेंसिंग से रोजी-रोटी पर संकट, जनप्रतिनिधियों ने जताई कड़ी आपत्ति

# फुटपाथ व्यापारियों की दुकानें हटाने पर वन विभाग के खिलाफ आक्रोश



**नवभारत न्यूज**
**बटकाखापा, 13 सितंबर, नगर बटकाखापा में सड़क किनारे वर्षों से छोटे-मोटे व्यापार के जरिए अपना परिवार पाल रहे फुटकर एवं रेडी-पटरी व्यापारियों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा होता नजर आ रहा है। वन विभाग द्वारा अपनी बाउंड्री वॉल के बाहर तार फेंसिंग किए जाने को लेकर स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी बढ़ गई है।**

बताया जा रहा है कि फॉरेस्ट विभाग की बाउंड्री वॉल और सड़क के बीच करीब 6 से 7 फीट की जगह खाली पड़ी हुई है, जहां बटकाखापा के ही कुछ फुटकर व्यापारी हाथठेला, छोटी दुकानें एवं अन्य अस्थायी साधनों के माध्यम से अपना व्यापार करते हुए परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। इन व्यापारियों का कहना है कि इसी छोटे से कारोबार से उनकी रोजी-रोटी चलती है। इसी बीच वन विभाग द्वारा बाउंड्री वॉल से आगे बढ़कर तार फेंसिंग किए जाने से व्यापारियों के सामने दुकान लगाने और अपना व्यवसाय संचालित करने की समस्या खड़ी हो गई है। व्यापारियों का आरोप है कि कार्रवाई के चलते उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है और परिवार का जीवन-यापन करना मुश्किल हो सकता है।

### जनप्रतिनिधियों ने जताई कड़ी आपत्ति

मामले को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश साहू एवं ग्राम पंचायत सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे, बटकाखापा ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग के अधिकारियों से मौके पर चल रहे फेंसिंग कार्य को रोकने तथा फुटकर व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से समझने का निवेदन किया है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा करना उचित नहीं है। विभाग को कार्रवाई करने से पहले स्थानीय स्तर पर व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर समस्या का समाधान निकालना चाहिए, ताकि विकास एवं व्यवस्था के साथ गरीब परिवारों की आजीविका भी प्रभावित न हो।

**फेंसिंग नहीं हटी तो आंदोलन की चेतावनी :** मामले को लेकर अब विवाद बढ़ता दिखाई दे रहा है। जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि वन विभाग द्वारा की जा रही फेंसिंग को लेकर उचित समाधान नहीं निकाला गया और व्यापारियों की समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो आगामी समय में सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर इस मुद्दे को लेकर आक्रोश बढ़ने के बीच अब सभी की नजर वन विभाग केअधिकारियों की आगामी कार्रवाई और प्रशासन द्वारा निकाले जाने वाले समाधान पर टिकी हुई है।

# गणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**बड़कुही, 13 सितंबर, आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से चौकी बड़कुही, थाना चांदामेटा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश पंडालों की स्थापना, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक चर्चा की गई।**

बैठक में थाना प्रभारी , खेलचंद पटले, सब इंस्पेक्टर बी.एस. रघुवंशी, अनुज शर्मा, योगेश, रामविलास तिवारी, गणेश मालवी एवं ज्योति साहू सहित गणेश उत्सव समितियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

अधिकारियों ने गणेश उत्सव के दौरान आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने, निर्धारित नियमों का पालन करने तथा पंडालों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही गई।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से मनाने में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# कर्मचारियों ने किया नव नियुक्त प्राचार्य का स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 13 सितंबर, नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में शुक्रवार शाम को डॉक्टर संगीता वाशिंगटन को प्राचार्य पद का शासन द्वारा पदभार सौंपा गया है।**

शनिवार को महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य का स्वागत फूल गुच्छ एवं मिठाई खिलाकर किया गया। इस दौरान डॉक्टर वाशिंगटन द्वारा सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। स्वागत के दौरान महाविद्यालय के मुख्य लिपिक मक्खन खमरियाए प्रयोगशाला तकनीशियन अनिल खमरियाए नूतन भारती, जन भागीदारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विजय मालवीय, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, चंद्रशेखर कहार, गुरुदत्त नामदेव, राधेश्याम बंदेवार, रामचरण सूर्यवंशी, विनोद धुर्वे, रवि शंकर इवनाती सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# भवन के लिए तरस रही तामिया के तलाबढाना की प्राथमिक शाला



**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 13 सितंबर, पातालकोट का नाम भले ही पर्यटन के मानचित्र पर चमकता हो, लेकिन यहां की जमीनी हकीकत कुछ और ही है। विकासखंड तामिया के सुदूर ग्राम तलाबढाना में प्राथमिक शाला आज भी अपने भवन को तरस रही है।**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर संकुल केंद्र छिंदी द्वारा किए गए निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया है कि तलाबढाना में शासकीय भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण स्थानीय निवासी गोंडू भारती के निजी कच्चे मकान में शाला का संचालन किया जा रहा है। कच्ची दीवारें, टपकती छत और जर्जर हालत में बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में यहां पढ़ाई करना जोखिम भरा हो जाता है।पातालकोट के घने जंगल और दुर्गम पहाड़ी रास्तों के बीच बसे इस गांव तक पहुंचना ही चुनौती है। आदिवासी परिवारों के बच्चे कठिन रास्ता पार कर स्कूल पहुंच तो जाते हैं, लेकिन निजी मकान में चल रही इस शाला में सुविधाओं का घोर अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जानकारी कई बार जनप्रतिनिधियों को दी गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया।इधर विभाग का पक्ष भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला तलाबढाना के नवीन भवन निर्माण के लिए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से विभागीय परिसंपत्ति संधारण अंतर्गत राज्य योजना मद में स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में इसकी प्रशासकीय स्वीकृति के लिए फाइल प्रचलन में है। अधिकारियों का कहना है कि स्वीकृति मिलते ही शीघ्र भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।फिलहाल निजी मकान में चल रही इस शाला ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। देखना होगा कि स्वीकृत नए भवन का निर्माण कब तक धरातल पर आता है। ऐसे ही ममला तामिया विकास के अतर्गत प्राइमरी साल स्कूल क्षतिग्रस्त होने के कारण प्राइवेट मकान में साला लगाई जा रही है क्षेत्र में एसे बहुत से मामले सामने आ रही हैं।

# 'अमृत हरित महा अभियान 2026' के तहत बिछुआ नगर में वृहद पौधारोपण




**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 13 सितंबर, शासन के निर्देशानुसार संचालित 'अमृत हरित महा अभियान 2026' के अंतर्गत बिछुआ नगर के विभिन्न स्थानों पर वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के प्राचार्य डॉ. आर. पी. यादव के निर्देशन में तथा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. नवीन कुमार चौरसिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ।**

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ, सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछुआ, नगर परिषद बिछुआ, ग्राम पंचायत परिसर सामारबोह एवं ग्राम पंचायत परिसर झामटा में सिरस, खमेर, आंवला एवं करंज, नीम के पांच पांच पौधों का रोपण किया गया।

# तामिया में विकास के दावे खोखले, कांदाढाना आज भी टापू



**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 13 सितंबर, विकास की चमकदार तस्वीर दिखाने वाले प्रशासनिक दावों के बीच तामिया ब्लॉक के रेनीखेड़ा पंचायत का कांदाढाना गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा है। बारिश शुरू होते ही यह गांव टापू में तब्दील हो जाता है। जन पतिनिधि चुनाव के समय ही दिखते हैं गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है और नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।**

प्रशासनिक हमला भी बरसात की समय कभी नहीं आते नदी का जलस्तर बढ़ते ही गांव मुख्यालय से संपर्क लगभग कट जाता है।सबसे गंभीर स्थिति स्वास्थ्य संकट के दौरान बनती है। ग्रामीणों के अनुसार गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती। बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को डोली के सहारे दुर्गम रास्ते और उफनती नदी पार कर अस्पताल ले जाना पड़ता है। यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। बच्चों के टीकाकरण के लिए भी ग्रामीणों को करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता है, बारिश में कई बार बीच रास्ते से ही लौटना पड़ता है। नदी के कारण ग्रामीण वर्षों से सड़क और पुल की मांग कर रहे हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। सवाल है कि जिम्मेदार अधिकारी अब तक क्या कर रहे थे? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्या यह प्रदेश से अलग है ग्रामीणों ने तत्काल स्थल निरीक्षण कर सड़क-पुल निर्माण शुरू करने और बारिश के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। अगर हमारी समस्या का समाधान नहीं होता तो हम 181 सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करेंगे और तामिया पर्यटक क्षेत्र कहलाता हैं हमारे बच्चों ने क्या बिगाड़ा है जो हमें सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सुविधा कब मिल पाएंगे।

# गणेश मठ में आज स्थापित किए जाएंगे 41 अखण्ड मनोकामना कलश



**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 13 सितंबर, बिछुआ नगर के माता मां चौक स्थित श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के गणेश मठ में गणेशोत्सव का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणेश मठ बिछुआ के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने बताया की इस वर्ष मठ में श्रद्धालुओं के द्वारा अखण्ड मनोकामना कलशों की स्थापना की जाएगी।**

जो अखण्ड मनोकामना कलश गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक जग-मग जलते रहेंगे। समिति से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष 41 अखण्ड मनोकामना कलशों की स्थापना की जाएगी। बता दें कि गणेशोत्सव के पावन अवसर पर मठ में पर्व के भजन-कीर्तन, महाआरती आदि धार्मिक आयोजन होंगे। यह पहला अवसर होंगा जब भारत ही नहीं अपितु समूचे विश्व के किसी गणेश मंदिर या मठ में अखण्ड मनोकामना कलशों की स्थापना की जाएगी।

# दिव्यांग शिविर में 230 लोगों का पंजीयन

## 17 को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण, 58 को प्रमाण पत्र और 54 हितग्राहियों को मिला लाभ



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 13 सितंबर, जनपद पंचायत परासिया में रविवार को दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों की जांच, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए कुल 230 लोगों का पंजीयन किया गया।**

शिविर में 17 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, जबकि 58 लोगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा 54 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को आगामी माह में ट्राईसाइकिल, साइकिल सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविर में जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रवि वर्मा सहित चिकित्सकीय दल उपस्थित रहा। चिकित्सकीय दल में डॉ. हितेश रामटेक (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. अभय सोनी (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. पंकज कुशवाहा (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. चंद्रशेखर दुबे (सर्जिकल विशेषज्ञ), डॉ. कीर्ति शर्मा (नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. पूजा धुर्वे (मानसिक रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. अविनाश धाकड़ (मेडिकल विशेषज्ञ) ने दिव्यांगजनों का परीक्षण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद पंचायत के स्टाफ एवं ग्राम पंचायत सचिवों का विशेष सहयोग रहा।

# हिंदी दिवस मूल संस्कृति का जश्न- साहित्यकार व शिक्षक शरद कुमार शिववेदी

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 13 सितंबर, 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को देश की आधिकारिक राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत हिंदी को यह महत्वपूर्ण दर्जा मिला।देश में पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था।**

इस दिन का मुख्य उद्देश्य देश और दुनिया भर में हिंदी भाषा के प्रयोग, प्रचार- प्रसार, सम्मान और उसके विकास के प्रति जागरूकता फैलाना है। हिंदी दिवस का उद्देश्य केवल हिंदी भाषा का उत्सव मनाना ही नहीं, बल्कि सरकारी कार्यों और सार्वजनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन करना भी है। राजभाषा अधिनियम 1963 में पारित किया गया। अनुच्छेद 351 हिंदी भाषा के विकास और प्रसार के संबंध में विशेष दायित्व प्रदान करता है। भारत सरकार का राजभाषा विकास विभाग केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है ।इसका प्रमुख उद्देश्य संघ के सरकारी कार्यों में राजभाषा संबंधी संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधानों के कार्यान्वयन में सहायता करना है ।राजभाषा विभाग की स्थापना सन 1975 में हुई थी। सरकारी कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस के साथ-साथ हिंदी सप्ताह, हिंदी पखवाड़ा, हिंदी मास जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

# गणेश उत्सव को लेकर अंबाडा चौकी में शांति समिति की बैठक संपन्न

## पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा



**नवभारत नयूज**
**जुन्नारदेव, 13 सितंबर, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज अंबाडा चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौकी प्रभारी चेतन मर्सकोले ने गणेश उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं गणेश पंडाल समितियों के सदस्यों से चर्चा की।**

बैठक में पालाचौरई, गुड़ी, अंबाडा, जमकुंडा एवं नजरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन तथा विभिन्न गणेश पंडाल समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गणेश उत्सव में डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए एसडीएम कार्यालय से नियमानुसार अनुमति लेने तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही पंडालों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। चौकी प्रभारी चेतन मर्सकोले ने गणेश पंडाल समितियों से अपील की कि वे उत्सव के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखें। बारिश के मौसम को देखते हुए विद्युत व्यवस्था, पंडाल की सुरक्षा एवं विसर्जन स्थल की समुचित व्यवस्था की जिम्मेदारी समितियों द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। संपन्न हुई इस बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि गणेश उत्सव को आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाकर क्षेत्र की सौहार्दपूर्ण परंपरा को कायम रखें।

# स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत छात्राओं को दिया जा रहा ब्यूटीशियन प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**चौरई, 13 सितंबर,** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार शासकीय महाविद्यालय चौरई में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ राजेश कुमार कहार एवं कार्यक्रम प्रभारी सुश्री सोनम नेवले के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक श्रीमती संजुला यादव के द्वारा सितंबर माह में सुचारू रूप से निरंतर संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुरुआती दिनों में छात्राओं को थ्रेडिंग, स्किन केयर और बेसिक ग्रूमिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, छात्राओं को सजने सवरने के साथ ब्यूटी पार्लर के समस्त प्रयोग सिखाए जा रहे हैं जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार की प्राप्ति हो सके जिसमें छात्राएं भारी उत्साह के साथ भाग ले रही हैं ।

शिविर | 110 का पंजीयन, 23 नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र बने

# जनपद पंचायत जुन्नारदेव परिसर में दिव्यांग एवं वयोश्री शिविर संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 13 सितंबर, क्षेत्र के दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने, उनका स्वास्थ्य परीक्षण करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत एवं नगर पालिका प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल मूल्यांकन एवं पंजीयन शिविर का सफल आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और तकनीकी टीमों के सुव्यवस्थित तालमेल से आयोजित इस शिविर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व नगरवासी पहुंचे।**

शिविर का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गोवरधन यदुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुषमा अमोरिया तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रमेश भारती के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने किया बारीकी से परीक्षण

शिविर में आए हितग्राहियों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश नागवंशी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक बड़ी टीम तैनात रही। चिकित्सकों ने दिव्यांगता के प्रतिशत का सही आकलन कर मौके पर ही जरूरी परामर्श दिया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश नागवंशी सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. अविनाश धाकड़ मेडिसिन रोग विशेषज्ञ, डॉ. मोहबे अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. पंकज कुशवाहा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. हर्ष साहू सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ. सुधीर शुक्ला ई.एन.टी. विशेषज्ञ, डॉ. पूजा मानसिक रोग विशेषज्ञ, डॉ. पूनम जैन शिशु रोग विशेषज्ञ, यू. के. नेमा नेत्र सहायक, अतिशराव, स्पीच थेरेपिस्टब्रजेश आलॉनकर एवं देवेन्द्र गोहिया दिव्यांग बोर्ड टीम शामिल रहे।

### एलिम्को और छिंदवाड़ा टीम की तकनीकी दक्षता

कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के सटीक नाप-तोल तथा तकनीकी पंजीयन के लिए भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को और जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा की विशेषज्ञ टीम ने विशेष योगदान दिया।एलिम्को टीम में बलराम बेलस, अभय सिंह, आशीष, रीतेश जोगी, विजय बेलस, अजय, मोहित, मुकेश सिंह, दीपक सिंह, दीपक, आनंद कुशवाहा, नीरज मौर्य, घनश्याम सिंह, पंचमलाल चंद्रवंशी तथा रविन्द्र सनौडिया शामिल रहे।

**23 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी, 68 को मिलेंगे उपकरण :** शिविर के दौरान मेडिकल बोर्ड द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 पात्र हितग्राहियों के नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिससे उनके लिए शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं के द्वार खुल गए हैं। 47 हितग्राही को उपकरण हेतु पंजीकृत किया गया है वहीं कृत्रिम अंग हेतु 16 हितग्राही को पंजीकृत किया गया है। वयोश्री योजना अंतर्गत पंजीयन 05 हितग्राही शामिल किए गए हैं।

# श्रीमती हेमलता सोनी का निधन



**मोहखेड़।** सारंगबिहरी निवासी श्रीमती हेमलता सोनी उम्र 70 वर्ष रविवार सुबह 11 बजे लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया. वह किशनलाल सोनी कि पत्नी एंव राजेंद सोनी एवं पत्रकार राजकुमार सोनी की माताजी थी. जिनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे स्थानीय मोक्षधाम में किया गया।

जा.क. रा.प्र.क्र.
**समक्ष न्यायालय माननीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा, म0प्र0 (श्री हेमकरण धुर्वे)**
परमीला व अन्य .............अपीलार्थी
विरूद्ध
लालवती पिता सदद् गोंड, निवासी मोरखा, तहसील हर्रई, जिला छिंदवाड़ा, ..........उत्तरवादी
अपीलार्थीगण परमिला वगैरह की ओर से मेरे न्यायालय में ग्राम मोरखा, प0ह0नं0 22, तहसील हर्रई, जिला छिंदवाड़ा, म0प्र0 स्थित भूमि खसरा नंबर 105, 108/2, 109, 200 कुल नंबर 04 कुल रकवा 2. 087 हे0 भूमि के संबंध में भूस्वामी भागलाल पिता सद्दू गोंड के फौत होने के कारण न्यायालय तहसीलदार बटकाखापा द्वारा संशोधन पंजी नंबर 7/117 में पारित नामांतरण आदेश दिनांक 18/02/2012 को निरस्त कराने हेतु राजस्व अपील क्रमांक..../ अपील / 2025-26 प्रस्तुत की गयी है, जो दिनांक 30/09/2026 को उत्तरवारी लालवती पिता सद्दू गोंड, निवासी मोरखा, तहसील हर्रई, जिला छिंदवाड़ा, की उपस्थिति हेतु नियत है। अतः आप आगामी पेशी तारीख को स्वयं या अपने अधिवक्ता / अभिभावक के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, अव्रकास होने पर आगामी दिवस में उपस्थित होवें आपकी अनुपस्थिति में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।
न्यायालय की पद मुद्रा
दिनांक 11/08/2026
**अनुविभागीय अधिकारी**
**अमरवाड़ा, जि. छिंदवाड़ा**